

# सप्तदश बिहार विधान सभा

## एकादश सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या–06 बुधवार, दिनांक–21 फरवरी, 2024 ई०।

**माननीय अध्यक्ष श्री नन्द किशोर यादव की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई।**

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न से 12:23 बजे अपराह्न तक।**

सदन की कार्यवाही प्रारंभ होते ही विपक्ष के माननीय सदस्यगण कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचना पढ़े जाने की माँग को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गये। आसन द्वारा कहा गया कि अपनी बातों को निर्धारित समय पर उठाये।

तदुपरान्त माननीय मुख्यमंत्री द्वारा कहा गया कि स्कूल का समय 10:00 बजे पूर्वाह्न से 04:00 बजे अपराह्न तक ही रहेगा। यही आदेश जारी हुआ है। सिर्फ स्कूल के शिक्षकों को स्कूल के निर्धारित समय से 15 मिनट पहले आना है और 15 मिनट बाद जाना है। यानि शिक्षकों के लिए निर्धारित समय 10:00 बजे पूर्वाह्न के 15 मिनट पहले आना होगा एवं निर्धारित समय 04:00 बजे अपराह्न के 15 मिनट बाद स्कूल से वापस जाना होगा।

तत्पश्चात् माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा भी इस विषय पर स्थिति स्पष्ट की गयी।

आसन द्वारा पुनः विपक्ष के माननीय सदस्यों से अपने–अपने स्थान पर बैठने का आग्रह किया गया और कहा गया कि सदन प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के अनुसार ही चलेगा। साथ ही विपक्ष के माननीय सदस्यों से समय पर अपनी बातों को रखने का अनुरोध किया गया, किन्तु विपक्ष के माननीय सदस्यगण कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचना पढ़े जाने की मांग को लेकर सदन से बहिर्गमन कर गये।

[1] **प्रश्नकाल** :–

(i) 03 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित।
(ii) 02 अल्पसूचित प्रश्न अपृष्ठ।
(iii) 03 अल्पसूचित प्रश्न अनागत।
(iv) 29 तारांकित प्रश्न उत्तरित।
(v) 18 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ।
(vi) 02 तारांकित प्रश्न विलोपित। (प्रश्न शाखा से प्राप्त सूचना के आधार पर)
(vii) 170 तारांकित प्रश्न अनागत।

तारांकित प्रश्न संख्या–394 ग्रामीण विकास विभाग से योजना एवं विकास विभाग मे स्थानान्तरित।

तारांकित प्रश्न संख्या–421 ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग में स्थानान्तरित।

तारांकित प्रश्न संख्या–424 के निस्तारण के दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन में पुनः उपस्थित हुए।

**[2] कार्यस्थगन प्रस्ताव :–**

माननीय सदस्य, श्री भूदेव चौधरी, श्री सत्यदेव राम, श्री महबूब आलम, श्री मुकेश कुमार रौशन, श्री चन्द्र शेखर एवं श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन तथा श्री अजीत शर्मा द्वारा दिया गया कार्यस्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य किये जाने की घोषणा की गई।

**[3] शून्यकाल :–**

शून्यकाल की सूचना के अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गयाः–

1. श्री प्रहलाद यादव
2. श्री उमाकांत सिंह
3. श्री राम चन्द्र प्रसाद
4. श्री मुरारी मोहन झा
5. श्री कृष्णनंदन पासवान
6. श्री राम सिंह
7. श्री विजय कुमार सिंह
8. श्री अखतरुल ईमान
9. श्री विद्या सागर केशरी
10. सुश्री श्रेयसी सिंह
11. श्री कुंदन कुमार
12. श्री ललन कुमार
13. श्री अचमित ऋषिदेव
14. श्री बीरेन्द्र कुमार
15. श्री जय प्रकाश यादव
16. श्री प्रणव कुमार
17. श्री अरूण शंकर प्रसाद
18. श्री विजय कुमार खेमका
19. श्री विनय बिहारी
20. श्रीमती रश्मि वर्मा
21. श्री पवन कुमार यादव

आसन द्वारा विपक्ष के कार्यस्थगन प्रस्ताव के विषय पर कहा गया कि इस विषय पर कल सदन में विस्तार से चर्चा हो चुकी है तथा विपक्ष के माननीय सदस्यों से सदन का समय बर्बाद न करने का अनुरोध किया गया। साथ ही सदन की कार्यवाही में भाग लेने के लिए कहा गया। किन्तु विपक्ष के माननीय सदस्यगण कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचना पढ़े जाने की मांग को लेकर शोरगुल करते हुए सदन से बहिर्गमन कर गये।

**[4] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :–**

i. माननीय सदस्य, श्री राम सिंह एवं अन्य सभासदों से प्राप्त गन्ना उद्योग विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा इसका उत्तर दिया गया।

ii. माननीय सदस्य, श्री अजीत शर्मा से प्राप्त गृह विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना अपृष्ठ हुई।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई।

**भोजनावकाश के बाद**

(02.00 बजे अपराह्न से 05:02 बजे अपराह्न तक)

[इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

**[5] आसन की घोषणा :–**

आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि आज दिनांक 21 फरवरी, 2024 के पूर्वाह्न से श्री महेश्वर हजारी, उपाध्यक्ष, बिहार विधान सभा ने उपाध्यक्ष पद का त्याग कर दिया है। उपाध्यक्ष पद से त्याग की स्थिति में बिहार विधान सभा में उपाध्यक्ष का पद रिक्त हो गया है। बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम–10(1) के तहत उपाध्यक्ष का निर्वाचन उस तिथि को होगा जो अध्यक्ष नियत करें तथा सचिव हर सदस्य को उस तिथि को सूचना भेजेंगे।

इस नियम के आलोक में उपाध्यक्ष, बिहार विधान सभा के निर्वाचन के लिए दिनांक 23 फरवरी, 2024 की तिथि निर्धारित की जाती है। उपाध्यक्ष पद के नामांकन की कार्रवाई कल दिनांक 22 फरवरी, 2024 को होगी।

उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचन की सूचना सचिव सभी माननीय सदस्यों को भेज देंगे।

**[6] वित्तीय कार्य :–**

**वित्तीय वर्ष 2024–25 के आय–व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड–02 (सहकारिता विभाग; स्वास्थ्य विभाग; पंचायती राज विभाग; नगर विकास एवं आवास विभाग; आपदा प्रबंधन विभाग; वित्त विभाग; पेंशन; वाणिज्य–कर विभाग; उद्योग विभाग; कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, खेल विभाग तथा विधि विभाग)] पर वाद–विवाद एवं मतदान।**

माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग, श्री प्रेम कुमार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 में सम्मिलित अनुदानों की मांगों में से सहकारिता विभाग से संबंधित अनुदान की मांग को प्रस्तुत किया गया।

माननीय सदस्य, श्री अजीत शर्मा द्वारा अनुदान की मांग पर कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। अनुदान की मांग एवं कटौती के प्रस्ताव पर वाद–विवाद निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया:–

(i) डॉ० सुनील कुमार
(ii) श्री भूदेव चौधरी
(iii) श्री रामविलास कामत

**[इस अवसर पर माननीय अध्यासी सदस्य, श्री भूदेव चौधरी ने आसन ग्रहण किया]**

(iv) श्री मुकेश कुमार रौशन
(v) श्री विजय कुमार खेमका
(vi) श्री महा नंद सिंह

**[इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]**

(vii) श्री अनिल कुमार
(viii) श्री अजय कुमार
(ix) श्री सुर्यकान्त पासवान
(x) श्री भारत भूषण मंडल
(xi) श्री अखतरूल ईमान
(xii) श्री राणा रणधीर
(xiii) श्री राज कुमार सिंह

तदुपरान्त माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग, श्री प्रेम कुमार द्वारा सरकार की ओर से वाद–विवाद का विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया।

इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर सदन से बहिर्गमन कर गये।

तत्पश्चात माननीय सदस्य, श्री अजीत शर्मा का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ।

तदुपरान्त सहकारिता विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ।

**[7] निवेदन :–**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 43 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएगें।

तत्पश्चात् सभा की बैठक वृहस्पतिवार, दिनांक–22 फरवरी, 2024 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई।

पटना
दिनांक–21.02.2024

**राज कुमार**
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।